स्पीड न्यूज

## मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने सुनील सोनी

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा एव शक्ति शाखा ने सत्र 2023 -24 के लिए नये नेतृत्व का चयन किया गया। जिसमें सुनील सोनी को अध्यक्ष, राहुल अग्रवाल सचिव,अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष,शक्ति शाखा अध्यक्ष ममता अग्रवाल,सचिव मेघा शर्मा नितिन अग्रवाल,रोहित सरावगी उपाध्यक्ष,विवेक मनकाशिया सहसचिव नियुक्त किये गए इस हेतु पदाधिकारियों को मारवाड़ी युवा मंच के संविधान के अनुसार शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम में पिछले 2 वर्षों के कार्यक्रम की रूप रेखा बताई गई और उसके अनुरुप सभी सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में धनबाद शाखा की पूरी कार्यकारिणी,समाज बंधु, संस्थापक अध्यक्ष गोविन्द राम अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल,चेतन गोयनका,अरविन्द आदि उपस्थित रहे।

## शहजादा हुसैन बने धनबाद जिला कांग्रेस के महासचिव

**धनबाद।** निचितपुर टॉउन शिप निवासी शहजादा हुसैन को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव बनने पर प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस अभिजीत राज,जिला अध्यक्ष संतोष सिंह,प्रदेश कांग्रेस के संथाल परगना के कोडिनेटर सुल्तान अहमद खान, लक्ष्मण तिवारी ,पप्पू पासवान ,नाजिम आलम ,प्रदीप राय ,लखन यादव ,शेख मोइनुद्दीन सिद्दीकी ,शमशेर आलम, रवि चौबे ,चांद खान ,माधव सिंह सहित अन्य शुभचिंतको ने शहजादा हुसैन को बुके देकर बधाई देते हुये स्वागत किया,और आशा व्यक्त किया कि शहजादा हुसैन को जिला महासचिव बनने पर पार्टी का जनाधन बढ़ेगा।

## समाजसेवी के आग्रह पर स्ट्रीट लाइट की हुई मरम्मत

**कतरास।** सोमवार को समाजसेवी डॉ मधुबाला के आग्रह पर नगर निगम के कर्मचारी ने कतरास वार्ड नंबर 1 में आकर जगह-जगह खराब हुई स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की। बताते चलें कि खराब स्ट्रीट लाइट के कारण गली मोहल्लों में रात के अंधेरे में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मौके पर डॉ मधुमाला , पंकज सिन्हा उमाकांत तिवारी ,संटू लाला शैलेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे।

## इंद्रपाल के निधन पर सरयू राय ने व्यक्त की संवेदना

**बोकारो।** चास नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सह नगर विकास समिति के संरक्षक सदस्य अरविन्दर सिंह भाटिया के भतीजा व वरिय कार्यकर्ता अमरजीत सिंह भाटिया के 30 वर्षीय पुत्र इंद्रपाल सिंह भाटिया के चास स्थित आवास की चौथी मंजिल में अपने छोटे बच्चे के साथ खेलने के क्रम में बालकनी से गिरने से हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए चास गुरुद्वारा में पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने भाटिया के परिजनों से मुलाकात की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। संवेदना देने वालों में नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्नाए कन्हैया कुमारए सुमेश्वर रायए इंद्रजीत सिंह भाटियाए श्रवण सिंहए हरविंदर सिंह भंडारीए प्रिंसए सुरजीत सिंहए पप्पू सिंहए सुचा सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## बिजली बिल कलेक्शन के लिए लगेगा शिविर

**टुंडी।** टुंडी विद्युत अवर प्रमंडल अंतर्गत टुंडी एवं पूर्वी टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के सुविधा हेतु उनके नजदीकी स्थानों पर राजस्व वसूली शिविर बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा 30 अप्रैल तक लगाया जाएगा। इसमें झारखंड बिजली वितरण निगम लिमेटेड द्वारा एकमुश्त बिजली बिल बकाया जमा करने पर ब्याज माफी योजना का भी लाभ भी मिलेगा। राजस्व 24 अप्रैल को गोपालपुर हटिया, 25 अप्रैल को मैयरानवातांड (पंचायत भवन), 26 अप्रैल को पोखरिया चौक, 27 अप्रैल को लटानी (कोपरेटिव बैंक), 28 अप्रैल को सुंदरपहाड़ी, 29 अप्रैल को आसनडाबर बाजार में लगेगा।

# धनबाद: ट्रेन की चपेट में आने से आरपीएफ जवान की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को धनबाद के बरमसिया रेलवे फाटक के समीप आरपीएफ जवान ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि धनबाद-हावड़ा रेलखंड के पूर्वी केबिन बरमसिया ओवरब्रिज के समीप आरपीएफ जवान रंजीत कुमार ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उनके दोनों पैर कट गया, स्थानीय लोगों ने टोटो के माध्यम से रेलवे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । आरपीएफ जवान रंजीत कुमार की पोस्टिंग गया बिहार में थी। जहां से वह ट्रेन के माध्यम से सोमवार सुबह धनबाद पहुंचा। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन में उसे नींद आ गई ,और धनबाद स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद वह चलती गाड़ी से आउटर सिग्नल पर उतरने का प्रयास किया। जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो गया।



### साइकिल सवार को वाहन ने ठोका, मौत

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तेतुलमारी- भूली मुखमार्ग रोड स्थित हरिजन टोला के समीप एक कार जो वाहन संख्या जेएच 02 एजी 4390 अनियंत्रित होकर साईकिल सवार बीसीसीएल कर्मी को टक्कर मार दी। जो की गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने काफी मशक्कत के बाद घायल व्यक्ति को एक टेंपू द्वारा इलाज के लिए सेन्ट्रल अस्पताल धनबाद भेज दिया ।इस हादसे में साईकिल सवार युवक की अस्पताल जाने के क्रम में मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान गोना उराव नाम से किया गया है।

### बोर्रागढ़ पुलिस के खिलाफ सीएम से की शिकायत

झरिया। होरिलाडीह निवासी शशी सिंह ने बोर्रागढ ओपी पुलिस के खिलाफ मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों से किया शिकायत। श्री सिंह ने आनलाइन शिकायत में कहा है। विगत क ई वर्षों से एनटी क्रप्सन संस्थान का प्रदेश अध्यक्ष हैं।कुछ दिनों पूर्व हमारे मुहल्ले में एक ही नबंर के दो प्लसर बाइक खडा थी। जिसकी सूचना मिलने पर हमने बोर्रागढ ओपी प्रभारी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल किया । सही पाये जाने पर पुलिस दोनों वाहन को जब्त कर ली। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसे बता दिया कि मामले क? सूचना शशी सिंह ने दी। जिसके बाद आरोपियों द्वारा हमारे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए हंगामा किया ।साथ झुठे केश में फसाने की धमकी दी।जिसके बाद से मेरा परिवार का सभी सदस्य दहशत में जी रहे है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर वाहन खड़ा पाया गया वहां आये दिन असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है।वे लोग किसी भी समय जान माल की क्षति पहुंचा सकते हैं।

# पूर्व सैनिकों ने पूंछ के शहीदों को किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बोकारो इकाई द्वारा स्थानीय सेक्टर चार स्थित मिलन हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में पुंछ के शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।बैठक में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों पर चर्चा की गई एवं आगे की कार्य योजना पर विचार किया गया। सभी से सम्पर्क कर आगामी 30 अप्रैल 2023 को रांची जाकर झारखंड यूनाइटेड फोरम को अपनी उपस्थिति सह. सहभागिता से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज की यह मुहिम बदलते परिवेश में वर्तमान सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम करेगा और पूर्व सैनिकों के साथ जारी विसंगतियों को दूर करने की दिशा मे एक मजबूत कदम भी होगा। सभा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, पूर्व प्रांतीय सचिव राकेश मिश्राए जिला मंत्री संजीव कुमारए राजीव रंजन सिन्हाए सरयू शर्माए राजहंसए निरंजन सिन्हाए नीरज तिवारीए विनय कुमारए मनोज कुमारए परमहंसए मुकेश कुमारए शैलेंद्र कुमारए दीपक कुमार आदि पूर्व सैनिकों ने भी अपने विचार रखे।

### मोबाइल की मांग पूरी नहीं हुई तो युवक ने की आत्महत्या

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत स्थित 16 नंबर कॉलोनी निवासी सह सीसीएल कर्मी राजेंद्र राय का 19 वर्षिय पुत्र हिमांशु कुमार की मोबाइल की मांग पुरी नही होने पर उसने निंद की 8 गोलियां खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर डाली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने पिता से महंगे मोबाइल खरिदने की जिद्द कर रहा था जिस पर पिता ने असमर्थता जताई जिससे युवक आक्रोश मे भर गया और घर में रखे अपनी मां की निंद की दवा का हेवी डॉज खा लिया। घर में जब उसकी तबियत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर सीसीएल कथारा क्षेत्र अस्पताल पहुचे जहां डॉ बीके झा द्वारा उसका इलाज शुरू किया गया मगर इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। डॉ श्री झा के अनुसार मृतक ने क्लोजापिन नामक दवा की आठ गोलियां खा ली थी जिस कारण उसकी मौत हुई।

## जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में जारी है सरकारी जमीन हड़पने का धंधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** शालीमार में सरकारी जमीन बेचने का गोरखा धंधा धडल्ले से जारी है। भू माफियाओं ने सरकारी जमीन बेच कर नये थानेदार का स्वागत व चुनौती दी। जोड़ापोखर थाना प्रभारी के बदलते ही शालीमार में बड़े पैमाने पर बीसीसीएल की जमीन की खरीद-बिक्री शुरू हो गई है । यहां पर पूर्व में करीब तीन दर्जन मकान बन गया है। उसके बाद ही बीसीसीएल प्रबन्धक की नींद खुली और जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है। उक्त जमीन पर बीसीसीएल एवं एक रैयतदार अपना-अपना दावा ठोक रहे है,जमीन का ऑनलाइन बीसीसीएल का खाता बता रहा है ।इसकों लेकर सोमवार को मामला गर्म हो गया। बीसीसीएल की ओर से की जा रही जमीन का मापी कार्य भी किया गया था ।उसके बाद कुछ अधिकारियों से सेटिंग कर कार्य को शुरू किया गया। लोदना प्रबंधन अपना पीछा छुडवाने के लिए सीओ को पत्र लिखा । इसकी सूचना कोयला भवन सहित अन्य वरीय अधिकारियों को दी गई है। सूचना के अनुसार शालीमार के उक्त जमीन पर पूर्व बीसीसीएल प्रबंधन वृक्षारोपण कराया था। वृक्ष बड़े-बड़े हो गये थे उसे वृक्षों को काट कर जमीन कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि विगत तीन माह पूर्व से कुछ वृक्ष को काट कर जमीन को समतल कर दिया गया।

## जल संकट को लेकर सीसीएल सीएमडी को सौंपा ज्ञापन

**बेरमो।** बेरमो निवासी एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने आज राँची में सेंट्रल कोल्ड फिल्डस लिमिटेड के सीएमडी पीएम प्रसाद से मुलाकात किया । इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमों के ढोरीए बीएंडके एवं कथारा क्षेत्र में नागरिकों के लिए पीने के पाने की उपलब्धता एवं नियमित पानी सप्लाई पर विचार विमर्श किया और इस संबंध में सीसीएल सीएमडी को ज्ञापन भी दिया । प्रकाश कुमार सिंह ने सीसीएल सीएमडी को बताया कि बेरमो में भीषण गर्मी पड़ रही है और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है ।इसके कारण बेरमो कोयलांचल के शहरी एवं ग्रामीण जनता बेहाल है।वे गंदा पानी पीने को विवश हैं।

# झरिया: भौरा में आउटसोर्सिंग के खिलाफ प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में देव प्रभा आउटसोर्सिंग के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है । प्रबंधन ने स्थानीय नेता से मिलकर वर्षों से शमशान बाबा की मूर्ति थी। जिसे ग्रामीण पूजते आए है।जो एक स्थानीय नेता ने कुछ पैसे के लालच में आकर शमशान बाबा की मूर्ति दूसरे जगह स्थानांतरित करवाकर आस्था को ठेस पहुंचाई। और उस जगह को ओबी डंप करा दिए। जिससे डंपिंग होने के कारण दिन-रात प्रदूषण से स्थानीय लोगों को रहना मुश्किल हो गया है ।लोदना से झरिया जोड़ने वाले एकमात्र सड़क को भी यह लोग ध्वस्त करके डंपिंग करना चाह रहे है। जिससे हजारों लोग का आवागमन बाधित होगा और काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय नेता की शिकायत झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिलकर करेगी और बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता से अवगत कराएगी।



### रैयतों ने किया अनिश्चितकालीन चक्का जाम

भौरा 4 ए पैच भौरा जहाज टांड़ व गौरखुटी के दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों रैयत महिला एवं पुरुष एवं बच्चे मुआवजा, नियोजन व ह?वी बालस्टिंग के विरोध में नारा लगाते हुए सोमवार को देवप्रभा आउटसोर्सिंग के कार्य को किया ठप ।आउटसोर्सिंग का कार्य ठप होने से गाड़ियों की लगी लम्बी कतार ।नेतृत्व कर रहे रैयत जगबंधु महतो ने कहा कि भौरा ई जे एरिया के महाप्रबंधन रैयतो को बिना मुआवजा व नियोजन दिए ही देव प्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी से कोयला उत्पादन के कार्य करवा रहे है। वही आउटसोर्सिंग कंपनी धनबाद उपायुक्त महोदय और डीजीएमडी के नियमों को ताक पर रखकर कोयला उत्खनन का कार्य कर रही है। रैयतो का कहना है कि जब तक बीसीसीएल कंपनी रैयतो को मुआवजा व नियोजन नहीं देती तब तक अनिश्चितकाल के लिए देव प्रभा आउटसोर्सिंग का कार्य व ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप रहेगा।

## पंचायत सचिवालय में पंचायती राज दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवं सुशासित ग्राम पंचायत . सब हाथ जुड़ते जाएं पंचायत को आगे बढ़ाते जाएं। मौके पर महिलाओं एवं बच्चों के बीच खेल का आयोजन हुआ। खैराचातर मंजूराए कसमारए टांगटोनाए मधुकरपुर मुरहूलसूदीए हिसीमए गर्रीए पोंडा दांतू सोनपुराए पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के मुखियाए वार्ड सदस्यए महिला समूह की सदस्य पंचायत स्तर के विद्यालय के शिक्षक आंगनबाड़ी कर्मीए स्वास्थ्य सहिया जल सहियाए समाजसेवी एवं आमजनों की सहभागिता रही।



### दुर्गापुर पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन

दुर्गापुर पंचायत में जहां मुखिया अमरेश कुमार महतो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मधुकरपुर में राजेंद्र महतोए बरईकला में अनिता देवीए टांगटोना में सुमित्रा कुमारीए खैराचातर में विजय जायसवालए हिसिम बबीता देवीए मुरहूलसूदी में सरिता देवीए कसमार में रईस कौशरए दांतू में चंद्रशेखर नायक सोनपुरा में चंद्रशेखर हेंब्रम शामिल थे।

## स्कूली बच्चों को दिया गया रूबेला खसरा का टीका

**कुमारधुबी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत अंतर्गत पाथरचाली में अवस्थित मध्य विद्यालय एगयारकुंड में विद्यालय के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को रूबेला खसरा टीकाकरण कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के देख रेख में सोमवार को किया गया टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में स्थानीय मुखिया अजय कुमार राम की सराहनीय भूमिका रही। स्थानीय मुखिया ने कहा कि जिस किसी को रूबेला का टीका नहीं लगाया जाता है, उसे यह बीमारी होने का खतरा है। यह वायरस खांसने और छीकने से फैलता है खासने और छीकने के दौरान। गले और श्वास नली से निकली बूंदे अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकती है। स्थानीय मुखिया अजय कुमार राम ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम मैं अभिभावक गण का पूर्ण सहयोग रहा इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि विद्यालय में कुल नामांकन 452 छात्र-छात्राओं के विरुद्ध आज 378 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

### एक नजर में

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने ठंडे पानी की मशीन लगवाई



चिरकुंडा। चिरकुंडा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा की रेनू अग्रवाल द्वारा प्रचण्ड गर्मी के ताप को देखते हुए तालडांगा स्थित लोयला स्कूल के सामने एक ठंडे पानी की मशीन लगवाई गई। साथ ही सभी बच्चों को फ्रूटी भी बांटी गई। उन्होने कहा कि स्कूल से जब बच्चे घर जाने के लिए निकलेगें तो सभी बच्चे ठंडा पानी पी कर अपनी बॉटल भर भी लेगे ताकि वो ऑटो में पीते हुए जाएं। उन्होने कहा कि बीच बीच में शरबत भी पिलाया जायेगा। मौके पर समिति के फाउंडर भगवती रूंगटा,प्रौढ़ शिक्षा प्रकल्प प्रमुख ललिता अग्रवाल,अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, भूतपूर्व अध्यक्ष रेनू अग्रवाल,कुसुम खरकिया,राज जिंदल,शशि जिंदल, ज्योति खरकिया,नीलम जिंदल व खुशबू अग्रवाल आदि थे।

## शास्त्रीनगर में अधूरा पेवर ब्लॉक लगाने से परेशानी

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शास्त्रीनगर मे अधूरा पेवर ब्लॉक लगाने से लोगो को परेशानी हो रही है। ठेकेदार के द्वारा खुदाई कर वहां पेपर ब्लॉक नहीं बिछाने का कार्य कर रहे हैं। समाजसेवी महारुद्र नारायण सिंह ने कहा कि यहां आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहां की गड्ढा हो जाने के कारण पानी जमा रहता है। इसी पानी से होकर स्कूली बच्चे की स्कूल जाते हैं और महिलाएं ब्यूटीफुल पार्लर जाती है। ठेकेदार की तरफ से पेवर ब्लॉक्स लगाने के लिए जगह खोदी गई है। लेकिन काम बीच में ही छोड़ दी गई है। वीवीआईपी रोड की हालत तो यही बयां करती है। स्थानीय लोगों ने फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और अध्यक्ष से जल्द से जल्द फेवर ब्लॉक बिछाने का मांग किया है। ताकि लोगों को परेशानी न झेलना पड़े।

## डीपीएस चास में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**बोकारो।** डीपीएस चास में कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एसण मोहन ने कहा कि अगर विद्यार्थी अनुशासन को अपने जीवन में उतारेंगे तो वे अपने जीवन के हर लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कर्म की प्रधानता बताते हुए फल की चिंता न करने की सलाह दी। मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने कहा लक्ष्य निर्धारित करने व अनुशासन का पालन करने से छात्र का आत्मविश्वास बढ़ता हैए स्वयं की क्षमताओं को पहचानने में मदद मिलती है। उन्होंने शॉर्ट टर्म व लांग टर्म दोनों प्रकार के गोल को प्राप्त करने के तरीके के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी शिक्षक रूद्र ने किया।

## कसमार के ग्रामीणों को मिलेगा लाह की चूड़ी बनाने का प्रशिक्षण



**बोकारो/कसमार।** नाबार्ड के सहयोग से सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के ठाकुरपोंडा सामुदायिक भवन में पन्द्रह दिवसीय लाह की चूड़ी बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन नाबार्ड के डीडीएम फिलमेंन बिलुंग स्थानीय मुखिया हारू रजवार एवं सहयोगिनी संस्था के सचिव कल्याणी सागर के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सूक्ष्म उद्यम विकास के लिए यह प्रशिक्षण कारगर सिद्ध होगा। इसके माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी। नाबार्ड के द्वारा बोकारो जिले में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें स्थानीय बैंकए सरकारी संस्था तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। मौके पर पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार ने कहा कि सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड में महिलाओं के लिए स्वरोजगार तथा सशक्तिकरण के लिए कार्य किया जाना सराहनीय है।

## पेयजल संकट को लेकर सर्वदलीय बैठक हंगामेदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय परिसर में जल संकट को लेकर सोमवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक हंगामेदार रही। बैठक में विशेष रुप से उपस्थित बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि गोविंदपुर को ज्यादा पानी मिले इसकी अनुशंसा जिला प्रशासन को की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खराब चापाकल की तत्काल मरम्मत एवं आवश्यकता अनुसार नए चापाकल लगवाने का काम शीघ्र किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से प्रस्ताव मांगा है। बैठक में विगत शुक्रवार की रात 4 वाल्व खोलकर ले जाने वालों से तत्काल वाल्व लौटाने अन्यथा थाना में मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी गई ।इसके 2 घंटे बाद ले जाने वाले लोगों ने वाल्व लौटा दिए ।जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी ने कहा कि भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गोविंदपुर को मिलने वाले 125 एमएलडी पानी के कोटा को बढ़ाकर 250 एमएलडी करवाने के लिए ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन सांसद की अनुशंसा के साथ उपायुक्त को दिया जाएगा। बैठक में गोविंदपुर पश्चिम के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र रजक ने ग्रामीणों द्वारा पीएचइडी परिसर में तोड़फोड़ की घटना की निंदा की। सांसद प्रतिनिधि बलराम साव ने कहा कि जलापूर्ति बढ़ाने के लिए उन्होंने सांसद अनुशंसित पत्र मुखिया ममता देवी एवं उन्होंने कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार को सौंपा है। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल हुए।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में दारोगा गोपाल चंद्र घोष, पूर्व मुखिया नीलू मुखर्जी, जितेश जायसवाल, रिजवान अंसारी, अमजद अंसारी, संजय भगत, राजेश शर्मा , नवीन दत्ता, अनूप साव, गोवर्धन गोराई, दामोदर पांडे, राजा दास , विनोद प्रसाद बर्मन, विपिन रजक, सोनू शर्मा, इंद्रदेव विश्वकर्मा, जल सहिया नमिता देवी, साधना देवी, नमन दास, झंटू शेख, हिप्पी विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, राजू बर्मन, नागेश्वर चौधरी, मधु धीवर दिवाकर पांडेय आदि शामिल थे।

# साहस और बलिदान के प्रतीक थे वीर कुंवर सिंह

### बोकारो में मनाया गया वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति की ओर से स्थानीय सेक्टर चार स्थित प्रतिमा स्थल के समीप बाबू कुंवर सिंह का जयंती समारोह संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रास नारायण सिंह तथा संचालन राजेश्वर सिंह ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह द्वारा 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों को चुनौती देना कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था। अगर हम बाबू कुंवर सिंह जैसे लोगों को भूलेंगे तो आने वाली पीढ़ियां साहस और बलिदान जैसे शब्दों को भी भूल जाएगी। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंहए धनबाद विधायक राज सिन्हाए बीएसएल के पूर्व ईडी यूपी सिंहए शत्रुघ्न सिंहए बुद्ध नारायण यादव आदि वक्ताओं ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह की जीवनी को पाठ्यक्रमों के साथ समारोहों व आयोजनों में शामिल करना आवश्यक है। समिति द्वारा विविध क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वण समरेश सिंहए स्वण वीरेंद्र सिंहए डॉण जयदीप सरकारए डॉण बांके बिहारी सिंहए धर्मशिला त्रिवेदीए पल्लवी प्रसादए विजय झाए नीरज कुमारए सागर कुमारए दीपक कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर एमए सिद्दीकीए रोहित लाल सिंहए रवींद्र सिंहए अवधेश सिंहए सुनील सिंहए अनिल सिंहए संत सिंहए रितुरानी सिंहए मृगेन्द्र प्रताप सिंहए अभिषेक सिंहए सिद्धार्थ सिंह मानाए एके वर्माए नीरज कुमारए रामसुमेर सिंहए कमलेश रायए अवधेश यादवए द्वारिका सिंह मुन्नाए विनय किशोरए देवेंद्र सिंहए विनोदए राकेश मधुएसंतोष सिंहए नागेंद्र पुरीए विनय आनंदए मनीष कुमार पांडेयए सुनील सिंहए गौतम कुमार सिंहए रंजेश सिंहए नागेन्द्र सिंहए विद्यासागर सिंहए त्यागी वर्णवाल आदि मौजूद थे।

## खेतको में हर्षोल्लास से मनाया गया सालाना उर्स मुबारक, हुई चादरपोशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत स्थित पारटांढ मे पुरे हर्षोल्लास और धुमधाम से हजरत गुलाम मोहिउद्दीन चिश्ती रहमतुलला अलेह का 55 वां वार्षिक उर्स मुबारक मनाया गया।ज्ञात हो कि हर वर्ष 23 अप्रैल को यह उर्स आयोजित की जाती है। चादर पोशी से पुर्व सरकारी यानी उर्स कमेटी की चादर ढोल बाजे के साथ पुरे गांव का भ्रमण करवाया गया जिस दौरान लोगो ने चादर में आर्थिक मदद के साथ साथ अकिदत के मद्देनजर चादर को चुमते नजर आये। इस चादर भ्रमण कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोगो के अलावे दुर दराज से आये अकिदतमंदो ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया। पुरे गांव के भ्रमण उपरांत हजरत के मजार पर चादर पोशी कि गई और दरुद फातियाह का दौर शुरू हो गया। इस आयोजन में भी भारी संख्या में अकिदत मंद उपस्थित थे। मौके पर उर्स कमेटी के लोगो ने बताया कि यहां उर्स का आयोजन पिछले 55 वर्षो से नियमित जारी है।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा : चुंदरी में मना पंचायती राज दिवस



**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में पंचायती राज दिवस कार्यक्रम सोमवार को किया गया। जिसका आरंभ महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस क्रम में सम्मान समारोह भी मना। पूर्व रोजगार सेवक सुखनाथ राम को शाल और डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना था कि गांव का विकास करना हो तो गांव का सरकार बनाना होगा। मौके रोजगार सेवक रीना कुमारी, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, वार्ड सदस्य मन्मथ देवी, शीतल उरांव, सुरेंद्र यादव, किशुन महतो, हृदय महतो, प्रकाश भगत, बुधनाथ लोहरा भी थे।

### शिशु मंदिर की जलमीनार दो वर्ष से खराब



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर की जलमीनार विगत दो वर्ष से खराब होने के कारण बंद पड़ा है। जिसके चलते वहां पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों ने बताया कि खराब जलमीनार के बारे में मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को बताया गया था। लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत नहीं हो पायी है। अभिभावक एवं समिति के लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द बंद पड़े जलमीनार को चालू कराने की मांग की है ताकि गर्मी में बच्चों को पानी की दिक्कत न हो।

### झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय में आरटीआई एक्ट की उड़ रही है धज्जियां

**गुमला।** जिले के झारखंड शिक्षा परियोजना के समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदक के सूचना की मांगने पर ससमय सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराकर आरटीआई एक्ट की धज्जियां उड़ायी जा रही है। जिससे आवेदक को राज्य सूचना आयोग में शिकायत करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी 2023 को आवेदक आरटीआई कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने उक्त कार्यालय के जन सूचना पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 2007 में संविदा पर नियुक्त ग्यारह चतुर्थवर्गीय कर्मियों का मानदेय एवं एरियर भुगतान से संबंधित चार बिंदुओं पर सूचना की मांग किया था। लेकिन एक्ट की धारा 7(1) में निर्धारित समयावधि के अंदर सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई। जिसे लेकर आवेदक के द्वारा एक्ट की नियम 19 (1) के तहत 18 मार्च 2023 को प्रथम विभागीय अपील दर्ज करते हुए रोकी गई सूचना को उपलब्ध कराने की मांग की। लेकिन प्रथम अपील की समय-सीमा समाप्त हो जाने के बावजूद सूचनाएं नहीं मिली। जिससे क्षुब्ध होकर 19 अप्रैल को इन्होंने एक्ट की धारा- 19(3) के तहत राज्य सूचना आयोग के पास शिकायत दर्ज कर रोकी गयी सूचनाएं दिलाने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

### चैनपुर पुलिस ने जनावल, छिछवानी समेत कई स्थानों में लगाया क्यूआर कोड



**चैनपुर।** चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के जनावल, छिछवानी, रामपुर, बेंदोरा कातिंग, मालमव बरवेनगर के प्रमुख स्थानों पर क्यू आर कोड स्कैनर चिपकाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड पुलिस का एक अलग एप्लीकेशन डेवलप किया गया हैं जो क्यू आर कोड स्कैनर के माध्यम से पुलिस की गतिविधि और उनके गशती की सच्चाई को विभाग के वरीय अधिकारी देखेंगे। साथ ही उस क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ेगी। क्योंकि दिन में कम से कम तीन बार खुद पुलिस पदाधिकारी जो ड्यूटी पर रहेंगे वहां जाकर मोबाइल से स्कैन करना पड़ेगा और क्यूआर कोड के साथ फोटो लेना है। जिससे पुलिस पदाधिकारी के रियल टाइम लोकेशन को मुख्यालय में देखा जायेगा कि वह ड्यूटी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं या नहीं। क्यूआर कोड स्कैनर सिर्फ पुलिस पदाधिकारी ही करेंगे। इस स्कैनर में दूसरे किसी ग्रामीण का मोबाइल से स्कैन नहीं होगा। इससे पुलिस के कार्यो में पारदर्शिता आयेगी। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह एस आइ आलोक कुमार सहित थाने के जवान मौजूद थे।

### जितेंद्र बने प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष



**गुमला।** जिला प्रेस एसोसिएशन गुमला की बैठक सोमवार को सूचना भवन स्थित पत्रकार सुविधा केंद्र में हुई। बैठक में नये सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जितेंद्र सिंह को अध्यक्ष, अश्वनी कुमार दास को कार्यकारी अध्यक्ष, दुर्जय पासवान को महासचिव, सुशील कुमार, किशोर जायसवाल व नरेश जायसवाल को उपाध्यक्ष, मुकेश सोनी व मो.आरिफ हुसैन को सह सचिव, दीपक राम को कोषाध्यक्ष व गुड्डू चौरसिया को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं उपेश कुमार पांडेय, अमरनाथ कश्यप व अजय शर्मा को संरक्षक बनाया गया। निर्मल सिंह को जिला प्रवक्ता बनाया गया। जबकि गौतम कुमार को गुमला अनुमंडल, बजरंग गुप्ता को चैनपुर अनुमंडल व हिमांशु कुमार को बसिया अनुमंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में जिला प्रेस एसोसिएशन को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए सदस्यों से साल में एक बार एक हजार रूपये जमा करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन कराने, बैंक में खाता खोलने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

### पंचायती राज व्यवस्था को साकार करने के लिए धरातल को करें मजबूत: सत्यभामा



**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के खोरा पंचायत में सोमवार को सेवानिवृत शिक्षक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पंचायती राज दिवस मनाया गया। मौके पर संविधान में मिले अधिकारों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। वार्ड सदस्य सत्यभामा देवी ने कहा कि पंचायती राज्स व्यवस्था से ही गांवों की तकदीर व तस्वीर बदलेगी। महात्मा गांधी का पंचायती राज व्यवस्था को साकार करने के लिए इसे धरातल से मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों को संविधान में मिले अधिकारों को जानना होगा और अपने हक व अधिकार को लेकर जागरूक होना पड़ेगा। इससे पूर्व राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# नक्सलमुक्त जिला बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा गुमला

- पीएलएफआई का क्षेत्र से हो चुका है खात्मा, मुट्ठी भर बचे हैं भाकपा माओवादी
- पुलिस कप्तान ऐहतेशाम वकारिव के नेतृत्व में गुमला जिला में घटी अपराधी और उग्रवादी घटना
- वर्ष 2022-23 में जिले में 12 उग्रवादी घटना और हत्याकांड के 87 मामले हो चुके हैं दर्ज
- नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में चल रहा है नशे की गिरफ्त से रिहाई कार्यक्रम
- क्यूआर कोड के माध्यम से क्षेत्र में निगरानी करने के मामले में राज्य का पहला जिला है गुमला
- क्षेत्र में शांति के लिए 11 पर लगा सीसीए, 67 लोगों को गुंडा एक्ट की सूची में किया गया अंकित

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** गुमला जिला में अपराधिक घटनाओं के साथ-साथ उग्रवादी घटनाओं में तेजी से कमी आयी। अंधविश्वास में होने वाले हत्या में भी काफी कमी आयी है। गुमला पुलिस की सफल रणनीति के कारण उग्रवादी क्षेत्र लगभग छोड़ चुके हैं। वहीं अपराधियों को पुलिस सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब साबित हुई है। जिले में नशा उन्मूलन अभियान के तहत एसपी ऐहतेशाम वकारिव के निर्देश पर नशे की गिरफ्त से रिहाई कार्यक्रम व अंधविश्वास को लेकर जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले में चलाया जा रहा है। निसंदेह गुमला पुलिस कप्तान ऐहतेशाम वकारिव के नेतृत्व में गुमला पुलिस हाल के वर्षों में बेहतर काम कर समाज में शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभायी है। उग्रवादियों के खिलाफ लगातार चलाये गये सर्च अभियान के कारण जिले में नक्सली बैकफुट में चले गये हैं। वर्ष 2022-23 में गुमला पुलिस के द्वारा 12 मामले ही दर्ज किये गये। जबकि वर्ष 2020-21 में 27 केस व 2021-22 में 35 मामले दर्ज किये गये थे। पुलिस की रणनीति के आगे पीएलएफआई संगठन जिले से लगभग समाप्ति की ओर है तो भाकपा माओवादी संगठन में भी फिलहाल जिले में दस से बारह सदस्य ही बचे हैं। अर्थात गुमला जिला नक्सल मुक्त होने के कगार पर पहुंच गया है। वहीं जिले में अपराध कर्मियों के विरूद्ध 1369 कांड दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने 1466 कांडों का त्वरित गति से निष्पादन किया।

## जिले में अपराधकर्मियों के खिलाफ 1369 कांड दर्ज, इनमें 1466 का त्वरित निष्पादन

वहीं जिले में अपराध कर्मियों के विरूद्ध 1369 कांड दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने 1466 कांडों का त्वरित गति से निष्पादन किया। वर्ष 2022-23 में हत्या के कुल 87 मामले दर्ज किये गये। जो विगत वर्ष 2021-22 की तुलना में कम रहा। 2021-22 में हत्या के कुल 133 मामले दर्ज किये गये थे। गुमला जिला में नशापान के खिलाफ अभियान चलाकर 50 कांड पुलिस ने दर्ज की और 45 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में सलाखों के पीछे भेजा। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में गांजा, कप सिरप, ब्राउन सुगर, कोरेक्स, देश व विदेशी शराब जब्त किया गया। अंधविश्वास को लेकर चलाये गये जागरूकता अभियान का परिणाम भी गुमला पुलिस के लिए सुखद रहा और वित्तीय वर्ष 2022-23 में डायन-बिसाही मामले में मात्र 22 केस ही दर्ज किये गये। जबकि अंधविश्वास में दो लोगों की हत्या हुई।



**पुलिस कप्तान ऐहतेशाम वकारिव।**

वहीं अवैध खनन को लेकर भी पुलिस ने टीम गठन कर काम किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 92 कांड दर्ज करते हुए पुलिस ने 120 वाहनों को जब्त किया और 64 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा लगातार चलाये जा रहे वाहन जांच के कारण सड़क दुर्घटना में भी कमी आयी है। वहीं पशु तस्करी के खिलाफ भी गुमला पुलिस की रणनीति कारगर रही। वर्ष 2022-23 में पशु तस्करों के खिलाफ 44 मामले दर्ज करते हुए 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 855 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया गया। गुमला पुलिस ने वर्ष 2022-23 में 11 लोगों पर सीसीए लगाया तथा 24 लोगों का नाम दागी व 49 लोगों पर निगरानी की कार्रवाई हुई। वहीं 67 लोगों के नाम गुंडा सूचि में अंकित किया गया। पुलिस कप्तान ऐहतेशाम वकारिव ने बताया कि नाबालिक बच्चों की तस्करी रोकने के लिए गुमला पुलिस ने अहतु क्लब की स्थापना की जो पूरे राज्य में अकेला क्लब संचालित है। वहीं झारखंड राज्य के पहले जिले के रूप में बीट पुलिसिंग के तहत 250 क्यूआर कोड बास्ट सिस्टम लगाकर क्षेत्र में निगरानी की जा रही है।

# तीन साल की बच्ची के साथ ट्रेन के आगे महिला ने लगायी छलांग

- बच्ची की मौत, गंभीर रूप से घायल महिला रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घायल महिला का इलाज करती चिकित्सकों की टीम।

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है जिसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला अपनी बच्ची को लेकर चलती ट्रेन के सामने आत्महत्या के नियत से कूद पड़ी। घटना की जानकारी होने के पश्चात रेलवे पुलिस के जवानों ने महिला और बच्चे को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच उपरांत चिकित्सक विवेक मधुर ने बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है। वहीं महिला की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर किया जा रहा है। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर हेमंत कुमार का कहना है कि महिला और बच्ची रेलवे स्टेशन से बहुत पहले ट्रैक पर घायल पाये गये हैं, जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

### सामाजिक समरसता बढ़ाने को ईद मिलन समारोह आयोजित

# मिशन बदलाव का उद्देश्य भाईचारे को बढ़ावा देना व वतन को एक सूत्र में पिरोना : सय्यदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सामजिक संस्था मिशन बदलाव ने आजाद बस्ती स्थित इस्लामपुर गुनु चौक के पास सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी धर्मावलंबी शामिल हुए और सेवई की मिठास के बीच सामाजिक सदभाव को कायम किया। मौके पर मिशन बदलाव के महिला जिला सचिव सय्यदा खातुन ने कहा कि हमारा उद्देश्य भाईचारे की भावनाओं को बढ़ाना और वतन को एकसूत्र में भी बांधन है। मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत ने कहा कि गत कई सालों से मिशन बदलाव सभी जाति धर्म के लोगों के बीच सेवा, सदभाव और मानवता का कार्य कर रहा है।




**ईद मिलन समारोह में शामिल लोग।**

**खास बातें :** मिशन बदलाव रांची के अभिनव कौशल ने कहा कि विभिन्न धर्मों के सदस्य साथ मिलकर अनेकता में एकता की मिसाल कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। मिशन बदलाव के बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि पूरे दिल से हृदय की अनंत गहराइयों से आभार व्यक्त करते हुए कहते है कि आज का आगाज आने वाले समय का तकदीर और तस्वीर बदलेगा। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन गुलाम गौस ने किया और आफताब अंजुम और उनके साथियों ने शायरी के माध्यम से एकता की सूत्र में सभी समाज के लोगों को फिरोने की नसीहत दी। मो शहजाद ने मिशन बदलाव के लिए कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि युवाओं की टीम बेहतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मिशन बदलाव के अमित सिंह, अनंत कुमार, दीपक गुप्ता और मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नगर सचिब ज्योति ग्लोरिया कुजूर, चंदकला टोपो, बसिया प्रखंड अध्यक्ष लखन गोप, दीपक अल्फ्रेड अमित एवं मुहल्लों के गणमान्य उपस्थित थे।

# जमीन नहीं बची तो संस्कृति, पहचान व जीविकोपार्जन पर खतरा: सनिया उरांव

- अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रायडीह में संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रायडीह प्रखंड के परसा में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी आंदोलनों की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में भारत माला परियोजना के तहत गुमला जिले में प्रस्तावित फोर लेन एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में प्रभावित गांवों में ग्राम बैठक, दूसरे चरण में जिला मुख्यालय, गुमला में विशाल प्रदर्शन सह धरना तथा तीसरे चरण में एनएच के राजधानी स्थित कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि विभिन्न दलों के आदिवासी नेताओं के द्वारा आदिवासियों की संस्कृति और पहचान की रक्षा की बात की जाती है।

# डीडीसी ने की पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा हुई। समीक्षा में सभी संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक व समन्वयक शामिल हुए। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकवार पीएमईजीपी के निष्पादित व लंबित आवदनों की समीक्षा की गयी और लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निदेश बैंक प्रबंधकों को दिया गया। नये वित्तीय वर्ष में आवेदन सृजन से संबंधित निदेश दिये गये। अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का आधार मिलान करते हुए आधार सीडिंग संबंधी आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक सीताराम पासवान, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद समेत सभी बैंकों के प्रबंधक व समन्वयक उपस्थित थे।

### गुमला : बोलेरो के धक्के से बाइक सवार गंभीर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सिसई रोड चंपानगर मोड में अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार खोरा जामटोली के कोयला उरांव (60) व उसका भतीजा बंदे उरांव (25) घायल हो गये। कोयला का कमर फ्रैक्चर कर गया है। वहीं सर में गंभीर चोट लगी है। जबकि बंदे उरांव का चेहरे में चोट लगी है। घटना के उपरांत राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। जानकारी देते हुए घायल बंदे उरांव ने बताया कि घर में भाई का शादी ठीक हो गया है। जिसको लेकर न्योता देने के लिए बाइक में सवार होकर रायडीह स्थित रुकरुम जा रहे थे। तभी चंपानगर मोड में पीछे से आ रहे एक बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया और घटनास्थल से फरार हो गया।

### जारी के पांचों पंचायतों में मना पंचायती राज दिवस

**जारी।** प्रखंड के पांचों पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना। सभी पंचायत सचिवालय को एक बार फिर रंग पेंट कर चकाचक कर दिया गया है। जिसका पंचायत के सचिव व मुखिया ने शुभारंभ किया। वहीं सीसीकरमटोली मुखिया फुलमाईत देवी ने कहा कि अब पंचायत सचिवालय में हर तरह की सुविधा होगी। ग्रामीण पंचायत सचिवालय आकर अपना काम प्रतिदिन करा सकते है। मौके पर रजनी मिंज, विनय एक्का, माईकल कुजूर, चाजरेण मिंज सहित वार्ड तथा पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# एनीमिया से बचाव को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला वनवासी कल्याण केंद्र में एकल अभियान भाग लोहरदगा द्वारा संचालित आरोग्यफाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा एनीमिया से बचाव हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन डॉ पंकज भाटिया ने किया। कहा गया कि डॉ पंकज भाटिया अपनी जीवन समाज सेवा एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वस्थ जीवन के क्षेत्र में काम करते रहे हैं 5 वर्ष लोहरदगा वनवासी कल्याण आश्रम में एक डॉक्टर के रूप में निस्वार्थ सेवा दे चुके हैं आगरा से चलकर लोहरदगा इसी योजना को सफल बनाने हेतु इन का आगमन हुआ है। इसी के अंतर्गत लोहरदगा अंचल के भंडरा गांव को रोग मुक्त करने हेतु आरोग्य फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया है।

### चट्टान से गिरकर महिला हुई जख्मी

**गुमला।** गुमला शहर से 5 किलोमीटर दूर करौंदी गांव निवासी शुकरी देवी सोमवार को एक हादसे में जख्मी हो गई। जानकारी के अनुसार महिला कुछ काम को लेकर खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान वह एक चट्टान से फिसल कर सिर के बल गिर गयी। इस हादसे में पीड़िता को सिर पर गंभीर चोट पहुंची, जिसे कुछ राहगीरों ने सहारा देकर उठाया और महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद महिला को इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उपचार जारी है।

# 13 माई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 13 मई 2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत को लेकर गुमला सिविल कोर्ट में तैयारी शुरू हो चुकी है। इस निमित्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री संजय कुमार चांधरियावी ने सभी पदाधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन किया जा सके।

**खास बातें :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थसारथी घोष ने बताया कि 13 मई के पहले पक्षकार अपने अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए कोर्ट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर प्रि सीटिंग की ओवन सुविधा भी पक्षकारों को उपलब्ध करायी जा रही है। नेशनल लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले, बैंक, बिजली मामले, पारिवारिक मामले, भरण पोषण, श्रम विभाग आदि से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामले के साथ-साथ अन्य मामले से संबंधित वादों का भी लोक अदालत में निष्पादन किया जायेगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनी वीर कुंवर सिंह जयंती



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में आज वीर कुंवर सिंह जयंती मनायी गयी। मंचासीन अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर विद्यालय के भैया-बहनों ने बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमरकांत शुक्ला ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह 1857के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 80 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने अपने पराक्रम एवं युद्ध कौशल से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। उनके जीवन से हमें देशभक्ति एवं पराक्रम की प्रेरणा मिलती है। मौके पर विक्की कुमार साहू, शौर्य कुमार, अर्णव राज, दिव्यम राज, नुसरत जहां, माही कुमारी, श्रेष्ठ कुमार, शौर्य कुमार, अमित उरांव एवं तन्मय गौतम ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया एवं दिव्यांश वर्मा, आर्यन राणा तथा तन्मय गौतम ने चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत वीर कुंवर सिंह का चित्र बनाकर प्रस्तुत किया।

# पढ़ाई के साथ विद्यार्थी जीवन यापन के सभी तरीके भी सीखें: आरके साहू

- डीएवी स्कूल में अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान व कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कार्यक्रम में शामिल लोग।**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हेड क्वार्टर माउंट आबू से पधारे राजेश भाई के द्वारा सोमवार को डीएवी स्कूल में अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के सभी विद्यार्थियों समेत शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य आरके साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रगति की ओर बढ़ रहे समाज में विभिन्न उपलब्धियां हासिल करनी पड़ती है। पढ़ाई के साथ साथ जीवन जीने के सभी तरीकों को भी सीखना पड़ता है। कोरोना महामारी के पश्चात हम ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों द्वारा इन सब बातों को सीखें। वहीं राजेश भाई ने मूल्य आधारित शिक्षा पर बच्चों को विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में खुशी को विभिन्न परिस्थितियों द्वारा बांध दिया गया है। अक्सर देखा जाता है जो विद्यार्थी अधिक मार्क्स लाते हैं उन्हें बुद्धिमान समझा जाता है। सफल माना जाता है।

**खास बातें :** जब हम किसी सफल व्यक्ति को देखे तो हमारे मन में उसके लिए क्या दृष्टिकोण आता है। उसकी जीवन शैली के प्रति हम क्या सोचते हैं? तो देखा जाता है वह व्यक्ति खुश होना चाहिए। लेकिन आज की परिस्थिति में भले ही विद्यार्थी अच्छे मार्क्स लेकर आता है किंतु उसकी खुशी में फिर भी अंतर दिखाई पड़ता है। इसके कारणों की चर्चा अगर हम करें तो पाएंगे कि वहां की शिक्षा प्रणाली बहुत अच्छी है। जिसका आप विश्लेषण करें तो आपको मिलता है कि वह अपनी शिक्षा में सीखते हैं कि हमें सफलता कैसे पानी है और एक दूसरे के लिए वह पारिवारिक भावनाओं को लेकर चलते हैं। खुशी के लिए किसी भी चीज की जरूरत नहीं पड़ती। सारी चीजें हम बाहर ढूंढने की कोशिश करते हैं जबकि यह विधि नहीं है कि हम इनके आधार को सदा खुश रहें।

# ईश्वर के संदेशों का अनुपालन हमें ईमानदारी से करना चाहिए : पीडीजे

- जिला अधिवक्ता संघ ने ईद मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि हिन्दुस्तान में सभी धर्मों के अनुयायी रहते हैं और हमारे देश की खासियत है कि हम सभी धर्मों का आदर करते हैं तथा आपसी सद्भाव के साथ मिलकर प्रेम पूर्वक सभी त्योहार को मानते हैं और त्योहार में जो संदेश ईश्वर के द्वारा हमें दी गयी है। उसका अनुपालन हमें करना चाहिए।




**कार्यक्रम में उपस्थित पीडीजे व अन्य।**

**खास बातें :** हमारे संविधान में भी सभी धर्मों का आदर करना बताया गया है। सभा को संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा कि ईश्वर ने हमें अनेक त्योहार से नवाजा है सभी त्योहार, धर्म से हमे अच्छी सीख मिलती है जिसे अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव ने कहा कि ईद आपसी भाइचारे तथा प्रेम का त्योहार है यह त्योहार हमे आपस में एक साथ मिलकर प्रेम से रहना सिखाता है। कार्यक्रम में एसडीएम राज कल्याण सब जज अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी लाल, शुचिता निधि तिग्गा के अलावे अधिवक्ता गन मनोज प्रसाद देवाशीष कार, जमील अहमद, सुमन भगत, प्रमोद अग्रवाल, पवन कुमार, प्रणय शेखर, अरुण साहू, शर्मा जी, नसीम अंसारी के अलावे काफी संख्या में अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक संघ के सदस्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात बीमारी से मौत

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता निवासी स्व. चानो चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र सुरेश चौधरी उर्फ लालू चौधरी की अज्ञात बीमारी के कारण सोमवार को मौत हो गई। लालू की मौत की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। खबर सुनकर पंचायत मुखिया रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, युवा समाजसेवी पप्पू कुमार ने मृतक के घर पहुंच कर दुख व्यक्त किया और परिजनों को ढाढस बंधाया। मिली जानकारी के अनुसार लालू चौधरी सुबह अपने घरेलू कार्य किए उसके बाद अचानक देखते ही देखते कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। लोगों ने कहा कि ना लकवा का शिकायत और कोई अन्य बीमारी और लालू चौधरी का अचानक मौत हो जाना दुखदाई है। वहीं लालू चौधरी के दो पुत्र हैं जो दोनों अन्य प्रदेशों में रहकर मजदूरी का काम करते हैं, उन लोगों को भी जानकारी दे दी गई है।

## बीस सूत्री बैठक स्थगित, मांग स्पष्टीकरण

**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर सभागार में 20 सूत्री समन्वय की बैठक अध्यक्ष विनोद पासवान ने अधिकारियों के साथ रखा था। बैठक में अधिकारी नहीं पहुंचने के वजह से बैठक को स्थगित कर दी गई। 20सुत्री अध्यक्ष ने अधिकारियों से 2 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा है। अन्यथा उच्च पदाधिकारियों तक इसकी सूचना दी जाएगी। आदि प्रखंड के अधिकारी स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तो इनकी शिकायत सरकार तक की जाएगी। मौके पर उपस्थित 20सुत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं 20सुत्री सदस्य मौजूद थे।

## गिद्धौर मुखिया पति पर मनमानी करने का लगा आरोप

**गिद्धौर।** प्रखंड पंचायत के मुखिया निर्मला देवी के पति उपेंद्र दांगी पर गिद्धौर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मनमानी करने का आरोप लगाया है साथ ही साथ वार्ड सदस्य ने बताया है कि पिछले माह का कार्यकारणी रजिस्टर में धमकाते हुए। कुआं, आवास देने का प्रलोभन देते हुए सिग्नेचर करवाया है। जिसे लेकर उप मुखिया संघ कुछ वार्ड सदस्यों ने पिछले दिन उच्च पदाधिकारियों को लिखित आवेदन दिया है। उसे जांच उपरांत तत्कालीन कार्यकारिणी बैठक को स्थगित करने के लिए पुनः प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं पंचायत सचिव महेश मिस्त्री को पत्र लिखकर आदेश आने तक कोई भी 15 वीं बीत के कार्यकारणी एवं मुखिया संघ बैठक के लिए मनाही किया है।

## नाली से पुलिस ने एक अज्ञात शव को किया बरामद

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव पंचायत अंतर्गत जंगल से लगभग पच्चास वर्षीय एक अज्ञात शव को पुलिस ने किया बरामद। जानकारी के अनुसार बड़गांव पंचायत अंतर्गत उलातु गाँव के डूडी शूकर खलार के जंगल के बरसाती नाली में बीते चार-पांच दिन से एक अज्ञात शव को फेक दिया गया था, इसकी सूचना सोमवार को स्थनीय पुलिस को मिला। ततपश्चात एसआई अभिनव आनंद ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचा, जहाँ क्षत विक्षिप्त अवस्था मे अज्ञात शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। एवं पुलिस टीम की द्वारा घटना की गहन जांच में जुट गई।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उद्योगपति को किया प्रोत्साहित

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोगता सदर प्रखंड के ग्राम मिश्रोल धमनियां में बन रहे डेटोन ग्रीन राइस मिल स्थल का निरीक्षण कर काफी गदगद दिखे उन्होंने उद्योगपति भास्कर मिश्रा को प्रोत्साहित करते हुए बोले की जिला में यह सराहनीय कदम है। आज बहुत लोग है सो जिला से रुपिया कमा कर दूसरे राज्य में अपना व्यवसाय कर रहे है। श्री मिश्रा के द्वारा यह बड़ा ही साहसी कदम उठा राइस मिल खोलने जा रहे है। जिससे सैकड़ों लोग को रोजगार का अवसर मिलेगा। श्री मिश्रा के दिल और दिमाग में चतरा जिला को उद्योग के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर कई अन्य डी पी आर तैयार किए हुए है।

# पुलिस वैन व कंटेनर में टक्कर, एक पुलिस कर्मी की मौत, ग्यारह घायल, रिम्स रेफर

### ईद की ड्यूटी कर वापस लौट रहे थे पदमा ट्रेनिंग कैम्प, रास्ते में हो गया हादसा







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतगर्त मदनगुंडी स्थित गौरी पुल के समीप पुलिस वाहन और कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर हो गया, हादसे में कंटेनर चालक समेत दस पुलिस कर्मी घायल हो गए, जबकि एक पुलिस कर्मी की मौत हो गयी, मृतक की पहचान जमशेदपुर निवासी गणेश भगत के रूप में हुई। जबकि घायलों में कंटेनर चालक संजय सिंह बक्सर बिहार के अलावे पुलिस कर्मी राहुल कुमार सिंह जमशेदपुर, सुनील कुमार झा व संजय कुमार सिंह लातेहार, सतीश कुमार बोकारो, तेजनारायण सिंह रांची, विकास चिक बड़ाइक गुमला, चमरा मुंडा खूंटी, विनोद मरांडी जामताड़ा, रामविलास भगत व चंदन सिंह के नाम शामिल है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के जवान हजारीबाग के पदमा पुलिस ट्रेनिंग में ट्रेनिंग ले रहे थे, जिन्हें ईद को लेकर कोडरमा जिले में ड्यूटी पर लगाया गया था। सोमवार को डयूटी से वापस ट्रेनिंग कैम्प पदमा जा रहे थे। घटनास्थल पहुंचते ही विपरीत दिशा से चली आ रही कंटेनर ने टक्कर मार दिया, जिससे उक्त हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गणेश भगत, राहुल कुमार सिंह, सुनील कुमार झा, संजय कुमार सिंह, सतीश कुमार, तेजनारायण सिंह, विकास चिक बड़ाइक, चालक संजय सिंह को रेफर किया गया, जिसमे से रांची जाने के क्रम में गणेश भगत की मौत हो गयी, शेष अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

**घायलों की सुधि लेने एसपी पहुंचे सदर अस्पताल, अपनी निगरानी में रिम्स रेफर करवाया :** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव व एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले, इस दौरान एसपी ने गम्भीर रूप से घायल जवानों को तत्परता से रिम्स रेफर करवाये तथा अन्य घायलों के इलाज होने तक अस्पताल में जमे रहे।

## मेराल पुलिस ने दो को भेजा जेल, चिपकाया इश्तेहार





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** थाना पुलिस ने सोमवार को दो अलग-अलग कांडों के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि एक अन्य कांड के फरार अभियुक्त के घर ढोल नगाड़ा बजवाकर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया वर्ष 2022 में दहेज प्रथा प्रतिशेध अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कांड के प्राथमिकी अभियुक्त इसफाक अंसारी 23 वर्ष पिता बसीर अंसारी को थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही दूसरे केस में अवैध रूप से बालू उत्खनन कर बिक्री करने के प्राथमिकी अभियुक्त सह ट्रैक्टर मालिक सद्दाम हुसैन उर्फ रौशन खान पिता शेख जउवाद को चमरही गांव उसके घर से गिरफ्तार किया गया। मौके पर मझिआंव पुलिस के साथ मेराल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल व साइकिल की टक्कर में तीन घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने मोटरसाइकिल व साइकिल में टक्कर हो जाने से तीन लोग गिरकर घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित प्रखंड कार्यालय के सामने जेएच12के/7690 हीरो मोटरसाइकिल पैशन प्रो से राजेश दास ग्राम गोरहन्द सागर दास ग्राम बिचरिया एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर मरकच्चो से बरियारडीह की ओर जा रहे थे। इसी बीच साइकिल सवार चंदू महतो ग्राम नवाडीह पंचायत के बक्सपुरा साइकिल से मरकच्चो की ओर आ रहे थे। प्रखंड कार्यालय मुख्य द्वार के सामने दोनों में टक्कर हो गई। जिसमें साइकिल सवार घायल होकर गिर गया और मोटरसाइकिल सवार भी गिर कर घायल हो गया।

## मुखिया ने किया पनशाला का उद्घाटन



उद्घाटन करते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में सोमवार को कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने चार स्थानों पर पनशाला का उद्घाटन फीता काटकर किया।

भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चे, बुजुर्ग व राहगीरों के लिए कांडी प्लस टू के समीप, जगदेव चौक के समीप, कपूरी ठाकुर चौक के समीप व बिजली सब स्टेशन के समीप पनशाला का उद्घाटन किया गया।

मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, रविंद्र साह, विनोद मेहता, विनोद चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सीटू और मजदूर-कर्मचारी यूनियनों की बैठक में मजदूर दिवस मनाने का निर्णय

## संयुक्त आंदोलन तेज किया जायेगा : संजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सीटू के साथ केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक बीमा कर्मचारी संघ के सचिव मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में होटल हंस में संपन्न हुई।

संचालन सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने किया। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस वीर कुंवर सिंह पार्क में संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि इस साल मई दिवस हमारे देश में 100 वर्ष पूरा हो रहा है। 1923 में कमरेड एम सिंगारवेलु ने तत्कालीन शहर मद्रास में लाल झंडा फहराया था।

सीटू मजदूर वर्ग के आंदोलन उन अग्रदूतों को भरपूर श्रद्धांजलि देता है। सीटू इस मई दिवस पर शासन में काबिज सांप्रदायिक करपोरट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम सांप्रदायिक विभाजन तंत्र के निजी करपोरेट वर्ग की माध्यम से देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ व्यापक संघर्ष का संकल्प लेगा।

मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, असहनीय महंगाई से लोग जुझ रहे हैं।

## साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के बानासाडी में संचालित डिग्री महाविद्यालय में सोमवार को साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा सेमेस्टर - 2 के सभी विद्यार्थियों के लिए इन्ट्रोडक्टरी वोकेशनल कोर्स के अन्तर्गत साइबर डिफेंस का पाठ्यक्रम तय किया गया है । साथ ही इसी विषय पर एक सार्टिफिकेट कोर्स ऑनलाइन साइबर डिफेंस विद्यापीठ के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसी संदर्भ में साइबर डिफेंस विद्यापीठ के निदेशक डॉ. ममता वर्मा तथा मुख्य वक्ता बालाजी वेंकटेश ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। श्रीमती वर्मा ने विद्यापीठ के द्वारा चलाए जा रहे इस पाठ्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात साइबर डिफेंस के मुख्य मेन्टर बालाजी वेंकटेश ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी छात्र- छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दी। उन्होंने बताया कि कैसे आज साइबर हमलें बढ़ रहे हैं।

### डिएमएफटी एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

## लापरवाही के कारण विकास कार्य लंबित है उनपर नियमानुसार करें कार्रवाईः उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त, कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत संचालित सभी कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह से एएनएम के रिक्त सीटों को भरने के दिशा में किये जा रहे कार्य की जानकारी लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे रिक्त सीटो को जल्द से जल्द भरा जा सके। वहीं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मोहन चंद्र गुप्ता से जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे तालाब निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए सफलता की कहानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वैसे कार्य जो संवेदक के लापरवाही के कारण लंबित है वैसे संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला योजना विभाग अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा की जो कार्य पूर्ण कर लिए गये है। उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र सौंपे जिससे उपयोगिता प्रमाण पत्र संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा सके। उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में विकास कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आगामी मानसून को देखते हुए उपायुक्त ने सभी कार्य कर रहे एजेंसी को निर्देशित किया की विकास कार्यो से संबंधित तैयारी पूर्ण कर लें ताकि कार्यवाधित ना हो।

एक नजर में

## जायन्ट्स सहेली ने किया पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के मुख्य बाजार में दो एवं मेन रोड पर एक कुल तीन पनशाला का उद्घाटन किया गया। जायन्ट्स सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल की अध्यक्षता में शहर के घड़ा पट्टी, मुख्य बाजार के तारामंडप एवं मेन रोड में पनशाला का उद्घाटन किया गया गया। इस मौके पर जायन्ट्स सहेली के पदाधिकारियों ने राहगीरो को मिष्ठान खिलाकर जल पिलाया। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में दूरदराज गांव से आए हुए लोगों को अब पानी पीने के लिये भटकना नही पड़ेगा। गर्मी के मौसम में घर से भरपेट खाना खाकर एवं भरपूर पानी पीकर ही धूप में निकले और जब भी निकले धूप एवं लू से बचने के लिये चेहरे एवं माथे को गमछा या तौलिए ढक कर रखे। मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पदाधिकारी सीमा केशरी, गायत्री गुप्ता, लता गुप्ता, सुनीता केशरी, रीना अग्रवाल, रंजना जायसवाल, संगीता गुप्ता, विमला केशरी, करुणा केशरी आदि उपस्थित थी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी गोविंद भुइयां के 28 वर्षीय पुत्र विकाश कुमार भुइयां ने सोमवार को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने घर के बंद दरवाजे को खोलवाने का प्रयास किया, दरवाजे को नहीं खोले जाने पर खपरैल मकान की ऊपर से खपरैल हटा कर अंदर प्रवेश किया गया। परिवार वालों ने देखा विकाश फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी जनप्रतिनिधियों एवं धुरकी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को ग्रामीणों के सहयोग से फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। मृतक के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र मेहनत मजदूरी करता था। विकाश का एक तीन साल की पुत्री और छह साल का पुत्र है। कड़ी मेहनत करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से तनाव मे गुजर रहा था। मानसिक परेशानी के कारण फांसी लगा लिया। धुरकी पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## भारत की आत्मा गांवों में ही बसती हैः मुखिया

**चतरा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर पंचायत मोकतमा में पेड़ लगाकर एवं स्वच्छता अभियान चलाकर जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चियों ने पंचायती राज दिवस मनाया ।इस बीच मुखिया पार्वती कुमारी ने अपने मोकतमा पंचायत वासियों को पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने गांव के आस-पास पेड़ लगाकर हरा भरा पंचायत एवं पर्यावरण युक्त मोकतमा पंचायत बनाएं साथ ही साथ अपने गांव की जंगलों को बचाना अति महत्वपूर्ण समझे और अपने घरों के आस-पास स्वच्छ व साफ सुथरा हमेशा बनाए रखें। पंचायत एवं गाँव के उत्थान से ही राष्ट्र उत्थान सम्भव है। इस मौके पर उपस्थित पंचायत के उपमुखिया श्रीमती रेनू देवी, उमेश भारती,मालती देवी, गोविंद यादव,कोलेश्वर भुइयां, मुखिया पति नरेश भारती, शिक्षक संजय पांडेय,पंचायत सचिव मुना उरांव, रोजगार सेवक राकेश रंजन, मुखिया प्रतिनिधी कामेश्वर भारती, विजय यादव,अजय पासवान उपस्थित थे।

## वाहन के धक्के से 4 जानवर की मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा -सिमरिया मुख्य पथ स्थित उड़सू के समीप देर रात्रि अज्ञात वाहन ने छः जानवरों (काडा) को लिया अपनी चपेट में। जिसमें कुल चार जानवरों की मौत हो गई एवं अन्य घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने कोल वाहनों से कुचलने का लगाया आरोप। एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने समुचित मुआवजे की मांग को लेकर अहले सुबह से सड़क में लगाया जाम, जिससे लगभग डेढ़ किलोमीटर लगी है कोलवाहनों की कतार। मौके पर पुलिस निरीक्षक रंजीत रौशन अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचा जहां परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता किया गया, इस दौरान समझौता के बाद ढाई लाख मुवाबजा देने पर सहमति बनाया जा रहा था, लेकिन पूर्ण रूप से बना नही था। खबर लिखे जाने तक कोल वाहनों की जाम लगी हुई थी। एवं समझाने-बुझाने का काम किया जा रहा था।

## ग्राम सभा कर भीडीएससी का चुनाव

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग पंचायत में एनटीपीसी की विकास मद से विस्थापित गांवों में विकास करने को लेकर भिडिएसी चुनाव हेतु स्थानीय मुखिया सबिदा खातून की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भिडिएसी के पांच सदस्य तिलेश्वर साव, कृष्णा साहू , प्रयाग राम, कुलदीप राम एवं मुकेश कुमार प्रजापति को चयनित किया गया। चुनाव के बाद ग्रामीणों में थोड़ा बहुत हो- हल्ला हुवा लेकिन मामला शांत हो गया। एवं नवचयनित सदस्यों को ईमानदारी पूर्वक गाँव की विकास में योगदान देने की आग्रह के साथ बधाई दिया गया। इस दौरान कृष्णा साहू ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा पूर्व में बनाये गए भिडिएसी सदस्यों की कार्यकाल तीन साल का था, जबकि दो साल भी नही हुवा की दूसरी नई कमिटी की आवश्यकता पड़ गई, इसका साफ जाहिर होता है कि एनटीपीसी अपनी स्वार्थ की भावना से मनमानी करती है, और जब चाहे तब नियम की उलंघन करने में सफल है, ये सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है। मौके पर पंचायत सचिव थानु साव समेत सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थें।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया गया

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी पंचायत भवन में दिन सोमवार 24 अप्रैल को उप मुखिया विकास कुमार पांडेय की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें उपनिदेशक पंचायती राज झारखंड सरकार रांची के ज्ञापन 1 स्थाएंवि 33/022-968 दिनांक 19/4/2023 के आलोक में दिनांक 24/4 /2023 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया गया । उप मुखिया विकास कुमार पांडेय व मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती जी ने अपने बारिसाखी पंचायत वासियों को पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने गांव के आसपास पेड़ लगाकर हरा भरा पंचायत एवं पर्यावरण युक्त बारीसाखी की पंचायत बनाएं साथ ही साथ अपने गांव की जंगलों को बचाना अति महत्वपूर्ण समझे और अपने घरों के आस-पास स्वच्छ व साफ सुथरा हमेशा बनाए रखें । पंचायत एवं गांव के उत्थान से ही राष्ट्र उत्थान संभव है। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी प्रसादी पासवान वार्ड सदस्य लक्ष्मण रजक देव कुमार साहू विजय रजक स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू एवं वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर कि समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांको की समीक्षा की। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधी घनश्याम शर्मा ने मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिले की स्थिति क्षेत्रानुसार बताई साथ ही बेसलाइन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। जिला का फरवरी महीने में डेल्टा रैंक जहां 90 है, वहीं शिक्षा में 15, स्वास्थ्य में 95, कृषि और जल संसाधन में 92, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में 81 रैंक रहा। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकरी सहित सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए आपस में समन्वय स्थापित कर ससमय डाटा उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इस तरह के डेल्टा रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसमें और बेहतर सुधार करने की आवश्यकता है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह,जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कृषि विभाग के सहायक कार्यपालक अभियंता राहुल गुप्ता,पीरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधी घनश्याम शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

